# मकर संक्रांति पर आस्था का सैलाबः सतना, चित्रकूट और मैहर में मेलों की धूम







**सतना/चित्रकूट/मैहर। मकर संक्रांति का पावन पर्व समूचे जिले में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। स्नान,ध्यान और दान के इस उत्सव पर पवित्र नदियों के तटों से लेकर धार्मिक स्थलों तक श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा। लोगों ने आपसी सौहार्द के साथ परंपराओं का निर्वहन किया और पवित्र डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया।**

### चित्रकूट में आस्था का अद्भुत संगम

मकर संक्रांति और एकादशी के संयोग पर तपोभूमि चित्रकूट में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में डुबकी लगाई। स्नान के पश्चात भक्तों ने मत्यगजेंद्रनाथ स्वामी का जलाभिषेक किया और भगवान कामतानाथ की परिक्रमा की। मान्यता है कि भगवान राम के राज्याभिषेक के लिए भरत जी जो पवित्र जल लाए थे,उसे भरत कूप में समाहित किया गया था,इसलिए यहाँ स्नान का विशेष महत्व है। यहाँ पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। प्रशासन और रेलवे ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। चित्रकूट के रामघाट,सूर्यकुंड,त्रिवेणी (शबरी जलप्रपात) और कनकौटा जैसे स्थानों पर भी मेले की रौनक रही। प्रयागराज माघ मेले से लौटे श्रद्धालुओं ने भी चित्रकूट पहुँचकर दर्शन किए।

### मैहर में तमस तट पर सांस्कृतिक विरासत

मैहर के वार्ड नंबर 24 लखवार में तमस नदी के तट पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। समाजसेवी विजय सिंह लखवार के संयोजन में आयोजित इस मेले ने क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया। मेले में सजे मिष्ठान भंडारों पर गरमा-गरम जलेबियों और लड्डुओं का लोगों ने आनंद लिया। बच्चों के लिए बड़े झूले और मनोरंजन के साधन मुख्य आकर्षण रहे। आयोजक विजय सिंह लखवार एवं मित्र मंडली ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता और लोक परंपराओं को संजोए रखना है।

### धारकुंडी और सतना नदीः भक्ति और उल्लास

सतना नदी के तट पर बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन हुआ,जहाँ गन्ना,खिलौने और चाट-पकौड़े की दुकानों पर भारी भीड़ रही। वहीं,धारकुंडी स्थित परमहंस सच्चिदानंद स्वामी के आश्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धारकुंडी थाना अंतर्गत सरभंगा में आयोजित मेले में दर्जनों गाँवों के लोग पहुँचे। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल ने पुलिस बल के साथ मुस्तैदी दिखाई और भीड़ प्रबंधन का जिम्मा संभाला।

### सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आकर्षण

मैदानों और छतों पर पतंगबाजों की टोलियां रंग-बिरंगी पतंगों के साथ पेंच लड़ाती नजर आईं। चित्रकूट में आदित्य नारायण ध्रुवे और अन्य क्षेत्रों में पुलिस बल की सक्रियता के कारण मेले शांतिपूर्ण संपन्न हुए। श्रद्धालुओं ने तिल-गुड़ के लड्डू और खिचड़ी का दान कर ब्राह्मणों और जरूरतमंदों की सेवा की।मकर संक्रांति का यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि इसने व्यापार और आपसी भाईचारे को भी नई ऊर्जा प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### हरदासपुर पंचायत में भ्रष्टाचारः सरकारी जमीन पर कब्जे और अवैध व्यापार का आरोप

**मैहर।** ग्राम पंचायत हरदासपुर में सरकारी जमीन के बंदरबांट का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने सरपंच पर पद का दुरुपयोग कर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कराने और अवैध रूप से ईंटों का व्यापार करने के आरोप लगाए हैं। शासकीय मार्ग से लगी खसरा नं. 155 की जमीन पर अवैध कब्जे की पुष्टि पटवारी जांच में भी हुई है। आरोप है कि सरपंच के संरक्षण में शासकीय कांजी हाउस और पंचायत भवन की जमीन पर निजी मकान बनवा दिए गए हैं। खसरा नं. 41,131 और 135 की मिट्टी खुदवाकर सरपंच द्वारा ईंटों का व्यवसाय करने का आरोप है। ग्रामीणों ने तहसीलदार और जिला पंचायत सीईओ से लिखित शिकायत कर सरपंच को पद से हटाने और कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

### सचिन कुमार मिश्रा बने शासकीय अधिवक्ता



**मैहर।** मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण ने अधिवक्ता सचिन कुमार मिश्रा को माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में प्राधिकरण के मामलों की पैरवी हेतु शासकीय अधिवक्ता नियुक्त किया है। प्राधिकरण द्वारा जारी आदेश के अनुसार,यह नियुक्ति 31 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी।इस जिम्मेदारी के तहत एडवोकेट मिश्रा उच्च न्यायालय जबलपुर,उसकी खंडपीठों और अन्य अधिकरणों में प्राधिकरण का पक्ष रखेंगे। उनकी इस नियुक्ति को उनके कानूनी अनुभव और सशक्त पैरवी क्षमता का प्रतिफल माना जा रहा है। गौरतलब है कि श्री मिश्रा वर्तमान में मां शारदा देवी प्रबंधन समिति के सदस्य भी हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिले के अधिवक्ताओं और नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है।

### मैहर धाम में अवैध वसूलीः बंधा बैरियर बना 'लूट का अड्डा', नियमों की धज्जियां उड़ीं




**मैहर।** विश्व प्रसिद्ध मां शारदा धाम आने वाले श्रद्धालुओं की जेब पर बंधा बैरियर पर अवैध रूप से डाका डाला जा रहा है। मां शारदा प्रबंधक समिति द्वारा दिए गए ठेके की शर्तों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है,जिससे मंदिर की छवि धूमिल हो रही है। निविदा शर्त के अनुसार कार/जीप का शुल्क 60 रुपए तय है,लेकिन ठेकेदार द्वारा पिकअप से 120 रुपए की वसूली की जा रही है। शर्तों में ऑटो (तिपहिया वाहन) के शुल्क का कोई उल्लेख नहीं है,फिर भी उनसे 60 रुपए वसूले जा रहे हैं। शर्तों में ट्रैक्टर का प्रवेश शुल्क 60 रुपए होने के बावजूद उनका प्रवेश वर्जित कर दिया गया है।ठेकेदार ने नियमों के विपरीत अपने रेट बोर्ड लगा रखे हैं।श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासक एवं अध्यक्ष से इस अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने और ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर एकेएस यूनिवर्सिटी की विदुषी की सशक्त उपस्थिति

**सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता और शोध नवाचार के क्षेत्र में अपनी पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करता जा रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रद्धा पांडेय ने एक महत्वपूर्ण अकादमिक उपलब्धि अर्जित करते हुए 4–5 अक्टूबर 2025 को ग्वालियर में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन - नेक्स्ट जेनरेशन सिविल इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस (ICNGCES-2025) में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

# नशीली कफ सिरफ के सौदागरों को रंगे हाथ दबोचा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**सतना। शहर में बढ़ते नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर नशीली कफ सिरफ की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को मारुति नगर रेलवे लाइन के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध कफ सिरफ और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है।**

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस की घेराबंदी

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी को मुखबिर से सूचना मिली कि अरूणेंद्र बहादुर उर्फ राजीव सिंह अपने दो साथियों के साथ मोटरसाइकिल से नशीली कफ सिरफ की सप्लाई करने जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। पुलिस ने मारुति नगर रेलवे लाइन के पास खाली



मैदान में दबिश दी,जहाँ संदिग्ध अवस्था में खड़े तीन युवक पुलिस को देखते ही झोला लेकर भागने लगे,जिन्हें मुस्तैदी से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।

### 87 नग कफ सिरफ बरामद, आरोपी जेल भेजे गए

तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 87 नग अवैध आनरेक्स कफ सिरफ बरामद हुए। वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने नशीली दवाइयां और एक मोटरसाइकिल कुल कीमती 1,01,750 जब्त कर ली। आरोपियों के विरुद्ध NDPS एक्ट की धारा 8/21, 22 एवं 5/13 ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद तीनों को केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।

### गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

अरूणेंद्र बहादुर उर्फ राजीव सिंह 44 वर्ष निवासी उत्तरी पतेरी,थाना सिविल लाइन,अखिलेश द्विवेदी 60 वर्ष निवासी पुष्पांजलि कॉलोनी, थाना सिटी कोतवाली व करन शर्मा 25 वर्ष निवासी भैंसाखाना, थाना सिटी कोतवाली है।इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में उनि.अजीत सिंह (सायबर सेल प्रभारी),सउनि हेमराज सिंह,सउनि दीपेश पटेल,प्र.आर.अश्लेन्द्र सिंह,राहुल सिंह, आरक्षक अजीत सिंह,धीरज यादव,सुभाष पटेल और उपेश पाठक की विशेष भूमिका रही।

# माघ मेला 2026: सतना प्रशासन ने कसी कमर

## श्रद्धालुओं की सुगम यात्रा और सुरक्षा के लिए कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने की समीक्षा

**सतना।** प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में 3 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक आयोजित होने वाले 'माघ मेला' के मद्देनजर सतना जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। सतना जिला,उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे होने के कारण भारी संख्या में श्रद्धालु यहाँ से होकर गुजरते हैं। इसी संदर्भ में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने बुधवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा,यातायात प्रबंधन और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।कलेक्टर ने आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए कि मेले के दौरान अतिरिक्त बसों की व्यवस्था और सुगम यातायात सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। स्वास्थ्य विभाग को रेलवे स्टेशन और प्रमुख मार्गों पर चिकित्सा शिविर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,अपर कलेक्टर विकास सिंह और रेलवे के प्रतिनिधि भी शामिल हुए,जिन्होंने समन्वय के साथ काम करने पर सहमति जताई। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सतना से होकर जाने वाले और जिले के स्थानीय श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना है

# समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक

### कलेक्टर ने दिए लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**मैहर।** जिले की कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा (TL) प्रकरणों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु जनता की समस्याओं का समाधान और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन रहा। कलेक्टर ने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित शिकायतों की समीक्षा की और पाया कि कुछ प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा के भीतर किया जाए। श्रीमती बाटड ने जोर देकर कहा कि प्रशासनिक कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी,क्योंकि इससे आम नागरिक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने सभी विभागीय प्रमुखों को अपने-अपने विभागों की मॉनिटरिंग तेज करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शैलेंद्र सिंह,एसडीएम अमरपाटन डॉ. आरती सिंह और एसडीएम रामनगर एस.पी. मिश्रा सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जिले में प्रशासनिक कसावट लाना और जनसुनवाई को और अधिक मजबूत बनाना है।

# खनिज ब्लॉक नीलामी: प्री-ऑक्शन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई



### भूमि वर्गीकरण और सीमांकन के परीक्षण के दिए निर्देश

**मैहर।** जिले में स्थित मुख्य खनिज ब्लॉकों की आगामी नीलामी प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए बुधवार को 'प्री-ऑक्शन कमेटी' की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में खनिज संपदा के दोहन से पूर्व की कानूनी और तकनीकी तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से नीलामी में शामिल होने वाले ब्लॉक क्षेत्रों की भूमि के वर्गीकरण, सटीक सीमांकन और क्षेत्रफल के प्रमाणीकरण के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नीलामी प्रक्रिया शुरू होने से पहले भूमि से संबंधित सभी दस्तावेजों का गहन परीक्षण कर लिया जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार का कानूनी विवाद उत्पन्न न हो। खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे मौके पर जाकर सीमांकन की पुष्टि करें। इस प्रक्रिया से जिले के राजस्व में वृद्धि होगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बैठक में प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ खनिज विभाग के विशेषज्ञ भी उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिकों की परेशानियों को न सुने जाने से नाराज सैनिकों ने किया सम्मेलन का बहिष्कार

**सतना। चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन,सतना के तत्वावधान में प्रातः 10 सैनिक कल्याण बोर्ड ऑफिस सतना के सामने एकत्रित हो हर जनवरी माह में होने वाले सम्मेलन की जानकारी सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा न दिए जाने से नाराज जिले के सभी पर्व सैनिको ने विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की।**

जिले में कई महीनों से सैनिक सम्मेलन एवम सैनिक कल्याण बोर्ड में सुविधाओं एवम सैनिको का कार्य न होने से कुछ सैनिको द्वारा RTI लगा कर जानकारी मांगी गई थी एवम सतना जीले के कलेक्टर महोदय से भी शिकायत की गई थी। इन्ही सब बातों को लेकर सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी द्वारा चोरी छिपे कुछ बुजुर्ग सैनिक को बुला कर सैनिक सम्मेलन सम्पन्न करना



चाह रहे थे इस बात की भनक चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन के लोगो को पता लग गई। कुछ ही समय मे भारी संख्या में पूर्व सैनिक पहुच कर सैनिक कल्याण बोर्ड आफिस के सामने अपनी बातें रखी लेकिन सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी द्वारा नही सुनी। इसी के चलते सैनिक बाहर ही पूर्व सैनिक बैठ गए। एवम रास्ट्र गान कर अपना विरोध प्रगट किया। इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से आजाद पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष सुनील सिंह उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा संरक्षक सुरेश प्रताप सिंह,राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी,आर सी विष्वकर्मा, शिवम तिवारी, पुरणेंद्र सिंह (अध्यक्ष एक्स आर्मी ब्रिगेड),अशोक सिंह,पुष्पराज सिंह, राम सिंह कुशवाहा, लोकेंद्र सिंह,तनराज सिंह,भूपेंद्र सिंह,विनोद सिंह,आर सी विष्वकर्मा,संदीप सिंह, अरुणेंद्र सिंह,विपेंद्र सिंह,लक्ष्मण सिंह,पी के द्वेवेदी, विनीत तिवारी, लवलेश मिश्रा,ब्रजेश कुशवाहा,छोटे लाल यादव, दिवाकर सिंह, अभिलाष द्वेवेदी, नागेंद्र सिंह, अमर्रेस सिंह, अमोल सिंह, उदयभ सिंह, घनश्याम शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, हीरेन्द्र सिंह,महेंद्र सिंह व भारी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।



# मकर संक्रांति के खास दो दिन जहां अजयपाल किला में मूर्ति के दर्शन करने को लेकर पहुंचे श्रद्धालु

### अनुमानित पचासों हजार लोगों की भीड़ मेले को लेकर भी

**अजयपाल महाराज का किला जो चंदेलकालीन युग का प्रसिद्ध किला माना जाता है। वहीं सुरक्षा को लेकर यह किला पहाड़ की उचाई में वहीं इस किले में प्राचीन सिद्ध स्थल के रूप में यहां जो प्रतिमा दर्षन विषेष रूप से मकर संक्रांति को लेकर दो दिवस करने को मिलते है। जहां श्रृद्धालुओं की आस्था का केन्द्र आज स्वमेव जाना जायेगा।**

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ तहसील मुख्यालय में पहाड़ के ऊपर अजयपाल के किले में प्रसिद्ध सिद्ध स्थल के रूप में प्रतिमा के दर्षन करने को लेकर मकर संक्रांति में श्रृद्धालुओं का जन सैलाब आज 14 जनवरी से ही जाना गया। वहीं 15 जनवरी को भी प्रतिमा के दर्षन को लेकर श्रृद्धालुओं की आस्था जानी जायेगी। गौरतलब बात यह है कि इस स्थान की महिमा प्राचीन समय से समूचे अजयगढ़ क्षेत्र में प्रख्यात है ऐसा माना जाता है सुरक्षा को लेकर अजयपाल की दुहाई तांत्रिक विद्या में मंत्र को लेकर प्रमुख मानी जाती है इस



क्षेत्र में अजयपाल की दुहाई के बिना किसी भी मंत्र का सफल होना नहीं माना जाता। जो जानकार बताते है कि सबसे पहले मंत्र उच्चारण अजयपाल की दुहाई से ही प्रार्थना करके आगे कार्य करते है। वहीं आज के दिन किले में जाकर मूर्ति के दर्षन करने के बाद लोग शुद्ध देषी घी का सवैया चढ़ाया जाता है प्रसाद के रूप में जो समूचे वर्ष भर के लिए कहीं न कहीं विषेष पूजा अर्चना आस्था से जुड़ा हुआ मानते है। समूचे अजयगढ़ क्षेत्र के लोग तो पहुंचते ही है वहीं आसपास के जिलों के लोग भी अजयपाल किले में पहुंचकर तालाब जो पहाड़ के ऊपर वहां स्नान करके भगवान को जल चढ़ाने का कार्य करते है। सबसे बड़ा महत्व मूर्ति के दर्षन को लेकर दो दिवस जो प्रमुख है वह माना जाता है वहीं एक भव्य मेला अजयगढ़ नगर के बड़ी फील्ड में आयोजित है जहां बड़ी-बड़ी दुकाने जरूरत के सामान की इस मेले में जानी जाती है। वहीं झूलों का आनंद भी मेले के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। इस तरह से जहां अजयपाल की नगरी में भगवान के मकर संक्रांति के दिन दो दिवस के दर्षन को लेकर श्रृद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा है।

## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर गौ सदन में हुआ खिचड़ी कार्यक्रम



**पवई।** मकर संक्रांति के अवसर पर देश प्रदेश सहित जिले भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी के तहत पवई नगर से 7 किलोमीटर दूर कटनी मार्ग पर स्थित श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति गौ सदन में संचालित गौशाला में एक अद्भुत,अलौकिक और ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें गौशाला में निवासरत लगभग 5000 से अधिक गौवंश को सनातन परंपरा को जीवित रखने हेतु पारंपरिक खिचड़ी एवं शुद्ध गुड़ से बने स्वादिष्ट लड्डू खिलाए गए। बता दें की यह केवल धर्म नहीं बल्कि गौ सेवा परंपरा और पुण्य का अद्भुत संगम है। यह कार्यक्रम दोपहर 1:00 बजे से शुरू होकर देर शाम तक जारी रहा। हजारों की संख्या में नगर वासी,जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी भी गौ सदन पहुंचे एवं गौ माता को खिचड़ी और गुड़ खिलाकर पुण्य लाभ लिया।

### समितियों की बैठक के लिए समय सीमा में करें कार्रवाई

**पन्ना।** शासन के विभिन्न विभागों द्वारा प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय सीमा में समितियों की नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे द्वारा बैठक की तिथि निर्धारित कर आगामी तीन माह में समस्त समितियों की बैठक आयोजन के लिए समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है।

### पन्ना के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीष भगत का दुखद निधन



**पन्ना।** नगर के बड़ा बाजार स्थित व्यापारी श्री चंद्र प्रकाश भगत जी के पुत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट मनीष भगत का हार्ट अटैक से निधन हो गया है मनीष ने अपनी पहचान इनकम टैक्स सलाहकार के रूप में बनाई थी, वर्तमान में लिस्सू आनंद स्कूल के सामने निवासरत थे करीब 5:00 बजे हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया है। अंत्येष्टि 14 जनवरी 2026 को करीब 11:00 मुक्तिधाम में किया गया।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मनाया गया, लखपति संवाद, तिल एवं पतंग महोत्सव

**पन्ना।** शासन की मंशानुसार, नई चेतना 4.0 अभियान अंतर्गत मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में म0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद पंचायत पन्ना अंतर्गत गठित जगन्नाथ अहिरगुवां, सारंगधाम पहाडीखेरा एवं बाला जी देवेन्द्रनगर संकुल स्तरीय संगठनों की महिलाओं द्वारा लखपति दीदी संवाद, पतंग एवं तिल महोत्सव मनाया गया, मकर संकान्ति की शुभकामनाओं के साथ, महिलाओं ने एक दूसरे को तिल के लड्डू खिलाकर बधाई दी। संगठन की महिलाओं ने अपनी आजीविका सुदृण करने हेतु आजीविका गतिविधि से निरंतर जुडे रहने हेतु प्रेरित किया ताकि महिलाएँ लखपति श्रेणी आकर अपने परिवार की आय में भी वृद्धि कर सके एवं आत्मनिर्भर बन सके।

## चौमुख नाथ के दर्शन हेतु मकर संक्रांति में उमड़ा जन सैलाब, आज भी लगेगा भक्तों का तांता





**पन्ना।** जिले से लगभग 70 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम नाचने में चौमूखनाथ मंदिर स्थापित है जो लगभग सातवीं शताब्दी का मंदिर है। आज मकर संक्रांति के पावन पर्व पर इस अद्भुत एवं प्राचीन मंदिर में स्थापित विश्वप्सिद्ध अद्भुत प्राचीन शिव कीमर्ति देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं और उसी की अनुभूति देखने का अवसर आज मकर संक्रांति के पावर पर ऊपर मिला। बता दें कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग जबलपुर द्वारा संरक्षित किया गया था, मंदिर में भगवान शिव के चार रूप दर्शाए गए हैं। मंदिर में खुदाई के दौरान पहुंच ही प्राचीन शिवलिंग मिला है। यह मंदिर लोगों की आस्था का विशेष केंद्र है। दूर-दराज से लोग यहां भगवान के दर्शन के लिए आते हैं। माना जाता है कि यहां जो भी मन्नत मांगी जाए भगवान उसे पूरा करते हैं।

### भगवान शिव के हैं चार रूप-

बता दें कि, यह प्रतिमा सातवीं शताब्दी की बनी हुई है और यह गुप्तकालीन प्रतिमा है. इसमें भगवान शिव के चार रूप दर्शाए गए हैं। भगवान शिव की मूर्ति गोलाकार में बनी हुई है। जिसमें भगवान का पहला रूप दूल्हे के वेश में बना हुआ है। दूसरे वेश में भगवान की अर्धनारीश्वर के रूप में प्रतिमा बनी हुई है।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

### 12 वर्षीय बालक का पैर कट कर हुआ अलग



**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र के पंडवन रोड पर कड़वानी नाला के पास बुधवार शाम करीब 6 बजे तेज रफ्तार बोलेरो ने एक मोटर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में 12 वर्षीय बालक का पैर कटकर अलग हो गया, जबकि एक युवक का पांव टूट गया। घायलों में जयपाल पिता दयाराम चौधरी (22 वर्ष) निवासी महेवा, जयकरण पिता गिरधारी चौधरी (12 वर्ष) निवासी सिरीजिसका पैर कटकर अलग हो गया और रामरूप पिता मनीलाल चौधरी (18 वर्ष) निवासी महेवा शामिल हैं। रामरूप का पांव टूट गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों युवक मोटर बाइक से पंडवन मेले से अमानगंज की ओर आ रहे थे, तभी कड़वानी नाला के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को डायल 112 स्टाफ एवं पायलट की मदद से उपचार हेतु अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां दो लोगों की हालत गंभीर देखते हुए कटनी के लिए रेफर कर दिया।



## सैनिकों ने किया कारगिल शहीद की पत्नी का सम्मान

### साल और श्रीफल किया भेंट

**पवई।** भारतीय सेना से सेवानिवृत पवई वार्ड क्रमांक 7 निवासी सूबेदार मेजर हुकम सिंह और हवलदार लक्ष्वेंद्र सिंह ने बुधवार को बैटिन डे के अवसर पर नगर के 1999 में कारगिल युद्ध में शहीद हुए स्वर्गीय बालेंद्र सिंह जी के निवास पर पहुंचकर शहीद पत्नी श्रीमती राधा सिंह का शाल और श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। बता दें कि बालेंद्र सिंह पवई के एकलौते सैनिक थे,जो 1999 के युद्ध में लड़ाई के दौरान दुश्मनों के खिलाफ 4 राजपूताना राइफल की टुकड़ी के साथ थे।

## 77 वें गणतंत्र दिवस पर्व मनाए जाने के संबंध में हुई बैठक संपन्न

### जनपद पंचायत परिसर में हुआ आयोजन

**पवई।** पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 77 वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह को गरिमामय एवं सौहार्दपूर्ण मनाए जाने की तैयारियों के संबंध में एसडीएम समीक्षा जैन की अध्यक्षता में जनपद पंचायत परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के सफल गरिमामय शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर कार्य दायित्व सौंपे गए एवं दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उपस्थित अतिथियों से इसके बेहतर और सफल



आयोजन के लिए सुझाव भी लिए गए। इस अवसर पर जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह परमार,जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा, नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत,मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश उपाध्याय,खंड चिकित्सा अधिकारी प्रशांत भदौरिया, बी के खरे डिप्टी रेंजर, राम चरण गुप्ता प्राचार्य कन्या शाला के साथ समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार गण मौजूद रहे।

## पीएचसी खोरा अंधेरे में डूबा, प्रसव के लिए भटक रहीं ग्रामीण महिलाएं




### बिजली गुल होने से स्वास्थ्य सेवाएं ठप, जनरेटर-इन्वर्टर का अभाव बना जानलेवा संकट

**पन्ना।** ग्रामीण अंचल की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी खोरा में रात के समय बिजली गुल हो जाने से प्रसव के लिए पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनरेटर और इन्वर्टर जैसी बुनियादी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के अभाव में पूरा स्वास्थ्य केंद्र अंधेरे में डूब जाता है, जिससे मां और नवजात की जान पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बीते कई दिनों से रात के समय बिजली कटौती आम बात हो गई है। ऐसे में जब किसी गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होती है, तो पीएचसी पहुंचने पर वहां न रोशनी होती है और न ही आवश्यक चिकित्सा उपकरण ठीक से संचालित हो पाते हैं। मजबूरी में परिजन महिलाओं को निजी अस्पतालों या दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओर ले जाने को विवश हैं, जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है।

### जनरेटर-इन्वर्टर नदारद, व्यवस्था भगवान भरोसे-

सबसे गंभीर बात यह है कि पीएचसी खोरा में न तो जनरेटर की समुचित व्यवस्था है और न ही इन्वर्टर उपलब्ध है। मोबाइल टॉर्च और मोमबत्ती के सहारे काम चलाने की नौबत आ जाती है। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि बिजली के बिना न तो सुरक्षित प्रसव संभव है और न ही आपात स्थिति में जरूरी उपचार। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस गंभीर समस्या को लेकर जब ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (पीएचसी) शोभाराम शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन उठाने या स्पष्ट जवाब देने से परहेज किया। इससे लोगों में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की विफलता को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। सरकार द्वारा सुरक्षित मातृत्व और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के दावे जमीनी हकीकत में खोखले नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि पीएचसी खोरा में तत्काल जनरेटर व इन्वर्टर की व्यवस्था की जाए, बिजली आपूर्ति को सुचारु किया जाए तथा जिम्मेदार है कि समय रहते सुधार न हुआ तो परिणाम बेहद गंभीर हो सकते हैं।

## सरकारी जमीन में अवैध कब्जे को लेकर आदिवासी दलित क्रांति सेना तहसीलदार शाहनगर को देगा ज्ञापन

**शाहनगर।** शाहनगर तहसील के अंतर्गत ग्राम महेवा (बोरी) में लोधी समाज के खंडई लोधी पिता बल्ला लोधी द्वारा महेवा पुलिस चौकी के सामने शासकीय राजस्व की जमीन में टीन सेट लगाकर अतिक्रमण कर रखा है अतिक्रमण करने से सड़क पर वाहन आने-जाने पर बाधा उत्पन्न हो रहा है जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त जमीन में पूर्व में साबुलाल पिता मिलन आदिवासी, भूरा बंजारा, मनीराम आदिवासी गरीब वर्ग का कब्जा था परंतु खड़ई लोधी द्वारा उक्त गरीब लोगों का कब्जा हटाकर पुलिस से मिलकर पुलिस चौकी के सामने रातों रात अवधानिक रूप से टीन सेट बाउंड्री बनाकर कब्जा कर लिया था जिसको लेकर पूर्व के कब्जा धारी साबूलाल आदिवासी अन्य साथियों ने तहसीलदार शाहनगर को



आवेदन देकर सूचना की थी तहसीलदार ने उक्त जमीन मैं विवाद खडा ना हो जमीन पर स्टे जारी किया था परंतु खड़ई लोधी ने शासन के इष्टे को दरकिनार करते हुए राजस्व जमीन पर निर्माण जारी रखा। महेवा के स्थानीय निवासियों ने शीघ्र ही उक्त अतिक्रमण हटाने को लेकर दिनांक 15 जनवरी को तहसीलदार शाहनगर को ज्ञापन सौंप कर अतिक्रमण हटाने की मांग की जाएगी अगर 15 दिवस में तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण नहीं हटवाया जाता तो आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी अगर कोई बाद विवाद होता है तो प्रशासन इसका पूर्ण रूप से जिम्मेवार होगा।

## परीक्षा केन्द्रवार कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रवार कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। कलेक्टर प्रतिनिधि प्रत्येक परीक्षा दिवस पर थाने से प्रश्नपत्र निकालने एवं केन्द्राध्यक्ष व सहायक केन्द्राध्यक्ष के साथ परीक्षा केन्द्र तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए जिम्मेवार होंगे। पुलिस थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के लिए राजस्व निरीक्षक गोविन्द प्रसाद गुप्ता, कृष्ण कुमार दुबे, रघवा कोल एवं रामकृपाल साकेत तथा पटवारी रामकरण बागरी को कलेक्टर प्रतिनिधि बनाया गया है। बृजपुर थाना के लिए राजस्व निरीक्षक शरद कुमार भट्ट, पुलिस थाना सलेहा के लिए राजस्व निरीक्षक एल.पी. रावत, पटवारी मानवेन्द्र सिंह एवं अंकित बागरी, पुलिस थाना पवई के लिए राजस्व निरीक्षक भगवानदास अहिरवार, पटवारी प्यारे सिंह एवं चारूचंदन मिश्रा, पुलिस चौकी कल्दा के लिए पटवारी जगरूप वर्मा, पुलिस थाना देवेन्द्रनगर के लिए पटवारी सुरेन्द्र वर्मा, शिवकुमार खरे एवं वैभव जैन को कलेक्टर प्रतिनिधि का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह अजयगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार, राजस्व निरीक्षक राजकुमार वर्मा, पटवारी दीपेन्द्र तिवारी एवं नितिन प्रताप सिंह, पुलिस थाना शाहनगर के लिए राजस्व निरीक्षक फुलेल रावत एवं पटवारी स्वतंत्र लटौरिया, धनंजय गर्ग, पुलिस चौकी बोरी के लिए पटवारी अंजनी कुमार पाठक, पुलिस थाना अमानगंज के लिए राजस्व निरीक्षक भोला प्रसाद साकेत एवं लक्ष्मण सिंह, पटवारी आनंद कुमार गुप्ता एवं ऋषभ प्रताप सिंह, पुलिस चौकी महेबा के लिए पटवारी राजेश कुमार सिंह, पुलिस चौकी ककरहटी के लिए पटवारी स्वप्निल खरे, पुलिस थाना सिमरिया के लिए राजस्व निरीक्षक ओमकार सिंह, पुलिस चौकी हरदुआ खम्हरिया के लिए राजस्व निरीक्षक महाराज सिंह, पुलिस थाना सुनवानीकला के लिए पटवारी सुरेन्द्र सिंह, पुलिस थाना रैपुरा के लिए राजस्व निरीक्षक रामकैलाश कोल, पटवारी जीतेन्द्र कुमार नामदेव एवं शंकरलाल प्रजापति, पुलिस थाना गुनौर के लिए राजस्व निरीक्षक कमल किशोर शर्मा एवं पटवारी प्रदीप मौर्या, पुलिस चौकी मोहन्द्रा के लिए पटवारी रामविजय लोधी एवं रूपकिशोर, पुलिस चौकी खोरा के लिए राजस्व निरीक्षक रतन सिंह, पुलिस थाना धरमपुर के लिए पटवारी धीरज पटेल, पुलिस चौकी नरदहा के लिए पटवारी रामदास जायसवाल, पुलिस चौकी पहाड़ीखेरा के लिए पटवारी प्रतुल मिश्रा, पुलिस चौकी बराछ के लिए पटवारी मुकुंद सिंह गौड़, पुलिस चौकी चंदौरा के लिए पटवारी रोहित सोनी, पुलिस चौकी बीरा के लिए पटवारी नितिश कुमार वर्मा तथा पुलिस चौकी हनुमतपुर के लिए पटवारी महेन्द्र पाल को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान टोरिया में मकर संक्रांति पर पतंग प्रतियोगिता एवं विशाल भंडारे का आयोजन

छतरपुर। श्री स्वर्ण श्रृंगार हनुमान टोरिया मंदिर पर मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पतंग प्रतियोगिता विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत १५ जनवरी को प्रातः ९ बजे से अखंड रामायण पाठ के समापन के साथ होगी। हनुमान टोरिया सेवा समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव में विशाल भंडारे के साथ-साथ पतंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, इस प्रतियोगिता में पतंग बाज बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं और बच्चों तथा युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता की संभावना है। आयोजन समिति के सदस्य गिरजा पाटकर के अनुसार यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर 14 अनावेदकों पर 6 लाख रुपए से अधिक राशि की पेनाल्टी अधिरोपित की

छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल ने 14 अनावेदक के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर 13 जनवरी 2026 को कुल 6 लाख 403 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित की है। अनावेदक अनमोल चौरसिया पर रेत में 14400 रू., देवेंद्र यादव पर 30625, बलवंतलाल पाल पर 30625, देवेंद्र मिश्रा पर 30625, परशुराम कुशवाहा पर 28750, बृजेश रैकवार पर 30625, टंटू यादव पर 28750, प्रेमसींग यादव पर 55377, गुलशन गंगवानी पर दो प्रकरण में 131250, भूपेंद्र यादव पर 91126, मंजीत दुबे पर 67000, धीरज यादव पर 30625 एवं संदीप यादव पर 30625 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया है। साथ ही राशि जमा कराने के आदेश दिए गए। खनिज अधिकारी ने बताया कि उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशमन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

## 70 वें अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन, दिल्ली बनी चैंपियन

# चंडीगढ़ को 41 रनों से हराकर दिल्ली ने जीता फाइनल, हजारों दर्शकों ने उठाया रोमांच का लुत्फ

**नौगांव। मेला महोत्सव के तहत आयोजित 70वें अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में दिल्ली इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ को 41 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबला देखने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से 30 हजार से अधिक दर्शक स्टेडियम पहुंचे और रोमांचक क्रिकेट का आनंद लिया।**



### फाइनल में दिल्ली का एकतरफा दबदबा

नगर पालिका परिषद नौगांव द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में दिल्ली और चंडीगढ़ की टीमें आमने-सामने रहीं। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर के मुकाबले में दिल्ली की टीम 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 179 रन बनाने में सफल रही और चंडीगढ़ को 180 रनों का लक्ष्य दिया।

दिल्ली की ओर से प्रियांशु पांडे ने 33 गेंदों में 6 छक्के और 4 चौकों की मदद से 64 रनों की शानदार पारी खेली। सुधांशु ने 31 गेंदों पर 47 रन बनाए, जबकि कप्तान नमन शर्मा ने 17 गेंदों में 30 रनों का योगदान दिया। चंडीगढ़ की ओर से गेंदबाजी में प्रियंकल ने 4 ओवर में 3 विकेट, विकास ने 4 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट और अंकित नरवाल ने 4 ओवर में 40 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

### लक्ष्य का पीछा करते हुए चंडीगढ़ लड़खड़ाया

180 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ़ की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 138 रन ही बना सकी। चंडीगढ़ की ओर से अंकित नरवाल ने 65 गेंदों पर 78 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 5 छक्के और 8 चौके शामिल रहे। अमन खत्री ने 23 गेंदों पर 29 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

दिल्ली की गेंदबाजी ने चंडीगढ़ की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सुमित और पवन सिंह ने 3-3 विकेट झटके, जबकि उत्तम पांडे ने 2 विकेट लेकर चंडीगढ़ के बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। इसके साथ ही दिल्ली ने फाइनल मुकाबला 41 रनों से जीतकर 70वें मेला महोत्सव अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। मैच के बाद आयोजन समिति द्वारा समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, पूर्व मंत्री एवं छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद्र पटेरिया, पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह, छतरपुर नपा अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, भाजपा नेत्री वंदना सिंह, हरपालपुर नपा अध्यक्ष अमित अग्रवाल शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

समापन समारोह में विजेता दिल्ली टीम को ट्रॉफी एवं 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि, जबकि उपविजेता चंडीगढ़ टीम को 50 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले में शानदार पारी खेलने वाले दिल्ली के प्रियांशु पांडे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चंडीगढ़ के अंकित नरवाल को मैन ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया, जिन्हें 50 हजार रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।



## युवक के आत्महत्या का संदेह एसडीआरएफ कर रही रेस्क्यू

छतरपुर।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के प्रताप सागर तालाब में सबनीगर मोहल्ले के रहने वाले युवक फरीद के द्वारा आत्महत्या करने का संदेह जताया जा रहा है। घटना के बाद एसडीआरएफ की टीम लगातार तालाब में सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है, लेकिन अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

परिजनों के अनुसार फरीद मेडिकल क्षेत्र में काम करता था। बीती रात करीब साढ़े १० बजे वह दुकान से निकला था। पहले उसने अपने सेठ को घर छोड़ा, इसके बाद जब परिजनों ने फोन किया तो फरीद ने कहा कि वह थोड़ा लेट आएगा। उसके बाद उसका फोन लगातार बिजी आया और थोड़ी देर बाद मोबाइल बंद हो गया।

सीसीटीवी फुटेज में फरीद को प्रताप सागर तालाब की ओर जाते देखा गया है। तालाब के किनारे उसकी स्कूटी और चप्पलें पड़ी मिली हैं, जिससे आत्महत्या का शक गहरा गया है। फरीद के चाचा मोहम्मद सलीम ने बताया कि युवक का विवाह मार्च महीने में तय था। परिवार सदमे में है और किसी अन्य कारण से यह कदम उठाने की बात से इनकार कर रहा है। एसडीआरएफ और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम रेस्क्यू कार्य में जुटी हुई है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। अभी तक युवक का पता नहीं चल सका है।

## आपसी रंजिश के चलते पटना गांव में दो पक्ष भिड़े लाठी डंड़ों से हमला, कट्टे से फायरिंग, 5 गिरफ्तार

छतरपुर। जिले के थाना लवकुशनगर के अंतर्गत ग्राम पटना में बुधवार को रंजिश के चलते पाल समाज व अहिरवार समाज के बीच बिवाद हो गया। विवाद इतना बढा कि दोनो पक्ष लाठी डडें लेकर एक दूसरे पर हमला करने लगे। चर्चा है कि इस दौरान कट्टे से कई राउंड फायरिंग भी की गई। जब दोनो पक्षों के बीच लाठी डड़े चल रहे थे, तभी दो महिलाएं भी घायल हो गई। दोनो पक्षों के बीच लाठी डंड़े. और कट्टे से फायरिंग करने का एक बीडियो भी वायरल हो रहा है। वहीं थाना लवकुशनगर पुलिस के अनुसार 6 को आरोपी बनाया है। जिनमें से 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि जब दोनो पक्ष एक दूसरे को मार रहे थे तभी फायरिंग की आबाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चार आरोपियों को मौके पर वाहन सहित पकड़ लिया। और पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस



हमले में राजा बाई सहित दो महिलाएं घायल हुई है। घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है, और पुलिस द्वारा उनके बयान भी दर्ज किए जा रहे है। पुलिस के अनुसार 6 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है और 5 गिरफ्तार किए गए है। एक कट्टा व एक वाहन जप्त किया है, जबकि एक अन्य हथियार की तलाश की जा रही है।

लवकुशनगर एसडीओपी ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में पता चला है कि दो दिन पहले अहिरवार समाज का लड़का पाल समाज की लड़की से मिलने आया था। और इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद भी हुआ था और बाद में समझौता भी हो गया था। पाल समाज के लोगों का आरोप है कि युवक लड़की से छेडछाड़ करने पहुंचा था। घटना दिनांक बुधवार को सुबह 11 बजे फिर वहीं युवक अपने साथियों के साथ दोवारा पाल समाज के घर पहुंचा और गुण्डागर्दी का प्रदर्शन करते हुए मारपीट व फायरिंग की। दोनो लड़का लड़की नाबालिग बताए जा रहें है थाना लवकुशनगर पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। आरोंपियों के खिलाफ जान से मारने का प्रयास, छेडछाड़ और पाक्सों एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## जिला दण्डाधिकारी ने 3 जिला बदर के प्रकरणों में की बड़ी कार्यवाही

### तालिब उर्फ इब्राहीमन खान के विरुद्ध जिला बदर एवं रविन्द्र सिंह बुंदेला और वीरू खटीक पर थाना हाजिरी एवं बंधपत्र की कार्रवाई

छतरपुर।

जिला दण्डाधिकारी पार्थ जैसवाल ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 13 जनवरी 2026 को 3 जिला बदर के प्रकरणों में एक अनावेदक के विरूद्ध जिला बदर एवं दो के विरूद्ध थाना हाजिरी देने की कार्यवाही की है। जिला दण्डाधिकारी श्री जैसवाल ने अनावेदक तालिब उर्फ इब्राहीमन खान पिता स्व. जुम्मन खां उम्र 25 साल निवासी बड़ी कुंजरहटी छतरपुर थाना कोतवाली की आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल नियंत्रण करने के उद्देश्य से म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(2) एवं 5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनावेदक को छः माह के लिए जिले एवं समीपवर्ती सीमा पर लगे हुए जिलों की भौगोलिक सीमाओं से निष्काषित किया है।

इसके अलावा रविन्द्र सिंह बुंदेला पिता छत्रपाल सिंह बुंदेला उम्र 28 साल निवासी वार्ड नं 5 बड़ामलहरा थाना बड़ामलहरा और वीरू खटीक पिता बाबूलाल खटीक उम्र 35 साल निवासी बीड़ी कॉलोनी देरी रोड छतरपुर को थाना सिविल लाइन में हफ्ते में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को आगामी एक वर्ष तक थाना हाजिरी देने एवं 10 हजार का सक्षम जमानतदार एवं इतनी ही राशि का बंधपत्र प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

## मकर संक्रांति पर चरण पादुका शहीद स्थल पर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि

छतरपुर। जिले के सिंहपुर स्थित ऐतिहासिक चरण पादुका शहीद स्थल जिसे बुंदेलखंड का जलियांवाला बाग भी कहा जाता है पर आज मकर संक्रांति के पावन अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह स्थल १४ जनवरी १९*१ को अंग्रेजी हुकूमत द्वारा निहत्थे स्वतंत्रता सेनानियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की घटना के लिए प्रसिद्ध है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने शहीद स्थल पर पहुंचकर परंपरागत रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अमर शहीदों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। विधायक ने शहीद स्थल के विकास के लिए योजना बनाकर कार्य कराने और आवश्यक राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई। इसके बाद स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने १४ जनवरी १९*१ की उस हृदयविदारक घटना को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की, जब अंग्रेजों ने सत्याग्रह कर रहे निहत्थे वीरों पर गोलीबारी की थी।

इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार के सदस्य,



प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष राकेश पाठक, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के शंकरलाल सोनी, पं. प्रेमनारायण मिश्रा, चंद्रशेखर जैन, दीपक गुप्ता, प्रभात तिवारी, राजकपूर तिवारी, अरविंद यादव, आनंद शर्मा सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद थे। सरपंच श्रीमती बॉबी तिवारी, पंचायत सचिव अशोक पटेल आदि भी शामिल हुए। न्यायालय की ओर से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश विष्णु प्रसाद सोलंकी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार चढार ने सपरिवार पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित नवयुवकों को बाल विवाह न करने तथा इसे रोकने की शपथ भी दिलाई।

## डीडीएम बस ने मारी टक्टर, सास बहु की मौत, कई घायल

छतरपुर।

बगौता से ग्राम हटवाहा अपने मामा के घर मक्रर संक्रात मनाने जा रहा अहिरवार परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई और एक युवक व मासूम घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बगौता निवासी धनीराम अहिरवार पिता ननुआ अहिरवार उम्र 27 बर्ष हटवाहा बाईक से जा रहा था उसके साथ उसकी मां चिरईया 60 बर्ष और ममता पति लखन 32 बर्ष वा नाती बैठे हुए थे। बिजावर रोड़ ब्रम्हदेव मंदिर के सामने तेज रफ्तार डीडीएम बस ने बाईक सवार में टक्टर मार दी। जिससे इस हादसे में उक्त दोनो महिलाओं चिरईया अहिरवार और ममता

## मामा के घर संक्रात पर्व मनाने जा रहा अहिरवार परिवार सड़क हादसे का शिकार



अहिरवार 32 बर्ष की मौत, मृतको में दोनो सास बहु है। जबकि धनीराम अहिरवार और एक मासूम घायल हो गया जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस तरह की घटनाओं से आरटीओ की कार्यशैली पर भी सबाल उठ रहें है क्योंकि ना तो बसों की फिटनेस की जांच की जाती है, और ना ही डाईवर का मेडीकल परीक्षण कराया जाता है। कि वह वाहन चलाने लायक फिट है या नहीं यहीं कारण है कि आये दिन दुर्घनाएं हो रही है। और इन बढती हुई दुर्घटनाओं के लिए आरटीओ के साथ साथ बस मालिक भी पूरे तरह से जिम्मेदार है। क्योंकि त्यौहार के समय अहिरवार परिवार में खुशियों की जगह मातम का माहौल छा गया।

## अपने परिवार को व्यापार के साथ संस्कार भी सौंपे : पं.धीरेंद्र शास्त्री

# आरएसएस न होता तो इतने भी हिंदू न बचते : पं.धीरेंद्र शास्त्री

छतरपुर।

**बड़ा मलहरा में हिंदू सम्मेलन में शामिल होकर बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हम अपना व्यापार, अपनी संपत्ति आने वाली पीढ़ियों को बचाकर रखते हैं लेकिन हमें व्यापार, संपत्ति के साथ-साथ संस्कार भी पीढ़ियों को सौंपना है। बागेश्वर महाराज ने कहा कि यदि देश में आरएसएस न होता तो आज जो हिंदू बचे हैं शायद वह भी न होते।**

बड़ा मलहरा के स्टेडियम में आयोजित हिंदू सम्मेलन की शुरुआत



परंपरागत तरीके से भारत माता के पूजन के साथ हुई बागेश्वर महाराज ने अपने उद्बोधन की शुरुआत मकर संक्रांति के त्यौहार के उदाहरण से की। उन्होंने कहा कि तिल अकेला रहता है तो उसका कोई अस्तित्व नहीं है लेकिन जब वह गुड़ के साथ मिल जाता है तो लड्डू बन जाता है यानी आपस में एकता रहेगी तो कोई भी ताकत परास्त नहीं कर पाएगी। महाराज श्री ने कहा कि यदि हमें अपनी संस्कृति और संस्कार बचाना है तो जातियां रहे लेकिन जातिवाद समाप्त हो। उन्होंने कहा कि जिसके पास ताकत है उसके पीछे एकता की शक्ति अवश्य है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से आपस में एकजुट बने रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रांत प्रचारक जसूदा सुमन, सहायक क्षेत्र प्रचारक प्रेम शंकर जी, सह प्रांत प्रचारक श्रवण जी, विभाग प्रचारक शिवेंद्र जी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बागेश्वर महाराज ने कहा कि घर-घर वेद परंपरा का प्रसार हो इसीलिए वे ऑनलाइन श्री हनुमान चालीसा हवन कर रहे हैं। हर माह ऑनलाइन हवन के माध्यम से लाखों लोग एक साथ जुड़कर हवन कर रहे हैं। हिंदू सम्मेलन के अवसर पर महाराज श्री ने तीन बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूरा परिवार एक साथ बैठकर भोजन करने, एक साथ पूजा करने, एक साथ बैठकर आपस में चर्चा करने की परंपरा शुरू करें, ताकि परिवार के सदस्य अपने दुख सुख को व्यक्त करने का साहस जुटा सके। एक साथ बैठने से आपसी संकोच खत्म होता है। बहिन, बेटियों, बच्चियों में नैतिकता का भाव बढ़ता है।

## दो युवतियों ने रचाई समलैंगिक शादी, बागेश्वर धाम में लिया एक-दूसरे का साथ

**छतरपुर। जिले में एक बार फिर समलैंगिक प्रेम और विवाह की चर्चा छा गई है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की दो युवतियों अंजली रैकवार (२* वर्ष) और मोहिनी कुशवाहा (२१ वर्ष) ने आपसी सहमति से विवाह रचाकर समाज के सामने अपना रिश्ता मजबूत किया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में रोष फैल गया और मामला सिविल लाइन थाने तक पहुंच गया, जहां हंगामा की स्थिति बन गई।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार अंजली रैकवार पिता आनंद रैकवार, निवासी बजरंग नगर और मोहिनी कुशवाहा पिता राकेश कुशवाहा, निवासी दुर्गा कॉलोनी के बीच पिछले ५ वर्षों से प्रेम संबंध चल रहे थे। दोनों युवतियां १२ जनवरी को बागेश्वर धाम पहुंचीं, जहां उन्होंने एक-दूसरे का हाथ थामकर जीवन भर साथ निभाने का वादा किया और आपसी रजामंदी से विवाह किया। विवाह की सूचना मिलने पर मोहिनी के परिजन इस रिश्ते से बेहद नाराज हो गए। उन्होंने मोहिनी को जबरदस्ती घर ले जाने के इरादे से सिविल लाइन थाने पहुंचकर हंगामा किया। दोनों पक्षों के बीच थाने में तीखी बहस हुई, जिससे शांति व्यवस्था बिगडऩे की नौबत आ गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने दोनों युवतियों को थाने के अंदर सुरक्षित बैठाया और वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि दोनों युवतियां बालिग हैं और अपनी मर्जी से साथ रहने की इच्छा जाहिर कर रही हैं। मामले के सभी कानूनी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है तथा उन्हें समझाया जा रहा है। भारत में समलैंगिक संबंधों को यौन अपराधों से मुक्ति मिल चुकी है, लेकिन समलैंगिक विवाह को अभी पूर्ण कानूनी मान्यता प्राप्त नहीं है। ऐसे में पुलिस उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे की कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि छतरपुर जिले में यह समलैंगिक विवाह से जुड़ा तीसरा मामला है। इससे पहले नौगांव थाना क्षेत्र के दौरिया और मऊसानिया गांव से भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं, जो क्षेत्र में बदलते सामाजिक नजरिए की ओर इशारा करते हैं।

# विभाग की उदासीनता से ठगे जा रहे जिले के किसान, जांच के नाम पर बस खानापूर्ति

**गैर प्रमाणित अमानक बीज और कीटनाशक की कस्बे से लेकर गांव तक खुलीं सैकड़ों दुकानें, जिम्मेदारों की सांठगांठ से चलती आ रही व्यवस्था, खामियाजा भुगत रहे अन्नदाता**

यह चिंता का विषय है कि सैकड़ों दुकानें नकली खाद, बीज और कीटनाशक बेच रही हैं और संबंधित विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए, किसानों को हमेशा अधिकृत दुकानों से ही खरीदारी करनी चाहिए, बिल लेना चाहिए और किसी भी संदेह होने पर तुरंत शिकायत दर्ज करानी चाहिए।





रीवा।


इन जिले में रबी सीजन में खाद, बीज और कीटनाशक का कारोबार एक बार फिर तेजी से फैल रहा है। छोटे-छोटे कस्बों से लेकर गांवों तक बीज और कीटनाशक की दुकानें खुल चुकी हैं। इनमें गैर प्रमाणित अमानक बीज और अनेक प्रकार के कीटनाशक धड़ाले से बेंचे जा रहे हैं। दुकानदारों के बहकावे में आकर सीधे सादे किसान सुनियोजित ठगी का शिकार बन रहे हैं। बाजारों में घडले से अमानक स्तर का खाद बीज बिक रहा है। क्योंकि कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जाता। हर वर्ष खाद बीजों के सैंपल ले लिए जाते हैं, लेकिन उसके बाद की प्रक्रिया की जानकारी कागजों में ही कैद होकर रह जाती है। इसमें कितने सैंपल फेल हुए यह जानकारी विभाग द्वारा आज तक जारी नहीं की गई। इसी का फायदा खाद बीज विक्रय करने वाले व्यापारी उठा रहे, जिससे किसान भगवान भरोसे खेती करने को मजबूर हैं। तहसील भर की अधिकतर दुकानों में किसानों को कच्चे बिल पर ही बीज-खाद बेचा जा रहा है। अगर फसल अमानक बीज के कारण खराब होती है, तो किसान को मुआवजा कहां और कौन देगा। उपभोक्ता न्यायालय में भी जीएसटी बिल ही मान्य होगा। इस तरह यहां की व्यवस्था जि मेदारों की सांठगांठ से चलती आ रही और इसका खामियाजा किसान को भुगतना पड़ रहा। जर्मनेशन न होने पर चलता है पताअमानक बीज की जानकारी जब तक कृषकों को तक होती है, जब खेत में डाले गए बीज का जर्मनेशन नहीं के बराबर होता है। उसके बाद किसान खुद को ठगा महसूस करता है। तब तक बोनी का समय निकल चुका होता है। कृषि विभाग समय समय पर एडवाइजरी जारी कर किसानों को सतर्क करता है, लेकिन प्रमाणिक बीज वितरण की सरकारी मशीनरी पर्याप्त नहीं होने और अधिक उत्पादन की मंशा में अमानक बीज ले बैठते हैं। जिसका अधिकतम जर्मनेशन 60 फीसदी होता है। जबकि कम से कम 80 फीसदी बीज जमने चाहिए। नियमों की हो रही अनदेखीजानकारों का कहना है कि केंद्र सरकार के नए निर्देश के अनुसार बीएससी ग्रेजुएशन की डिग्रीधारक ही कीटनाशक बेच सकते हैं। वहीं तहसील के अधिकांश दुकानदार दसवीं पास भी नहीं है, लाइसेंस धारियों का नाम ऑनलाइन होने के पारदर्शी रखा गया है। इसके बावजूद कृषि विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से खुलेआम कीटनाशक और बीज की दुकानें संचालित हो रही है। इस कारण किसानों को नकली कीटनाशक और बीज खरीदना पड़ रहा और किसान ठगी का शिकार होते जा रहे। सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में बिना लायसेंस के भी दुकानदार खाद-बीज के साथ दवाई बेच रहे हैं।किसानों को घर में दे रहे सुविधा नकली खाद-बीज के कारोबार का आलम यह है कि व्यापारी किसानों के घर तक इसे उपलब्ध करा रहे हैं। किसानों को यह सामग्री उधारी में भी दी जा रही है। कई किसान उनके बहकावे में आकर यह नकली खाद-बीज खरीद रहे हैं। नकली बीज की बोवनी करने पर फसल निकलना तो दूर की बात है, इनमें अंकुरण भी नहीं हो पा रहा है।कार्रवाई पर जिम्मेदार मौनकिसान अपने खेत में बीज व कीटनाशक डालते हैं उसके संबंध में जानकारी ही नहीं मिल पाती। इस कारण अमानक खाद-बीज और दवाइयों का डर भी उनके मन में बैठा रहता है। इसकी आड़ में नकली सामग्री खुलेआम बेची जा रही है। प्रशासन विशेषकर कृषि विभाग की उदासीनता और जिले में प्रमाणिक बीज की समुचित व्यवस्था के अभाव में यह कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। बताया गया है कि वर्तमान में रीवा और मऊगंज जिले में करीब 1000 से अधिक बीज और कीटनाशक की दुकानें संचालित है। जबकि केवल 600 लाइसेंस दिए गए है। शेष दुकानों को खोलने का उनके पास कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं है। एहतियात के बाद भी अमानक बीजों से नहीं मिल रही मुक्तिप्रशानिक खाद और कीटनाशकों से किसानों को मुक्ति नहीं मिल पा रही है। रीवा शहर से लेकर रायपुर कार्चुयान, मनगवा, गंगेव, बैकुंठपुर, माही, सगरा, गढ़ लौरी, कटरा, सोहागी, चाकघाट, त्योंथर, चिल्ला, चंदपुर, जनेह, जवा, पनवार, चौखंडी, रामबाग, पटेहरा, डभौरा, सेमरिया, बीड़ा, शाहपुर, गोविंदगढ़, मनिकवार, देवतालाब, नईगढ़ी, पहाड़ी शाहपुर, मऊगंज, हनुमना, खटखरी, आदि कस्बों में खाद-बीज और कीटनाशकों की दुकानें चल रही है। इनमें ज्यादातर दुकानों में अमानक बीज और कीटनाशक ही बेचे जा रहे हैं।

## खेत में अरहर की फसल के बीच चल रही थी गांजा की खेती, आरोपी गिरफ्तार

# सेमरिया पुलिस ने चचाई गांव में दबिश देकर जब्त किया गांजा का पौधा

रीवा।

सेमरिया पुलिस ने बीती रात दो बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा का हरा पेड़ और शराब जब्त कर कार्रवाई की है। खेत में गांजा की खेती की जा रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर सेमरिया थाना क्षेत्र के चचाई गांव में दबिश दी जहां खेत में गांजा को पेड़ मिला। आरोपी पुलिस को देख भागने लगा जिसके घेराबंदी कर धर दबोचा गया। हरे गांजा के पेड़ का वजन करीब दो किलो दो सौ ग्राम बताया गया है। थाना प्रभारी सेमरिया विकास कपीस के नेतृत्व ने बताया कि चचाई गांव में आरोपी रामकरण चौधरी पिता लक्ष्मण चौधरी 59 वर्ष को मामले में गिरफ्तार एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी अपने घर के पीछे खेत में अवैध गांजे का हरा पेड़ लगाये था। पुलिस टीम ने रेड कार्यवाही हेतु ग्राम चचाई में सोमवार की रात दबिश दी जहां आरोपी व्यक्ति खेत में दिखाई दिया जो



पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकडा गया है। पुलिस ने बताया कि खेत में अरहर की फसल के बीच में मादक पदार्थ गाँजा का एक बड़ा हरा पौधा लगा पाया गया जिस पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गाँजा का एक बड़ा पौधा जिसका कुल वजन 02 किलो 200 ग्राम कुल कीमती 10,000 का जब्त कर एनडीपीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।शराब की अवैध बिक्री करने वाला आरोपी पकड़ायासेमरिया पुलिस ने दूसरी कार्रवाई अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ सोमवार की रात की। तिघरा तालाब की मेढ़ में पुलिस ने बरगद के पेड़ के नीचे दो प्लास्टिक की बोरियों में 36 हजार रुपए की अवैध शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी रावेन्द्र उर्फ फोद्दा प्रजापति पिता शिवमंगल प्रजापति उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम तिघरा थाना सेमरिया की तलाशी ली जहां एक बैंगनी रंग की बोरी में 03 खाकी कलर के कार्टून में प्रत्येक कार्टून में 50-50 शीशी कुल 150 शीशी गोवा व्हिस्की व दूसरी हल्के हरे रंग की बोरी में 03 खाकी कलर के कार्टून में 50-50 शीशी कुल 150 शीशी गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस ने करीब 36 हजार रुपए की कुल 54 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर कार्रवई की है।

## बोलेरो सवार बदमाशों ने कृषक की जेब से निकाल लिए 11 हजार रुपए, चाचा बन आरोपियों ने वाहन में बैठाया जिसके बाद वारदात को दिया अंजाम, बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में सामने आई घटना

**रीवा।** बोलेरो सवार बदमाशों ने एक व्यापारी को बड़े ही शातिराना तरीके से अपना शिकार बनाया। आरोपी व्यापारी को चाचा कहकर लिफ्ट दिए और अपने वाहन में बैठा लिए जिसके बाद जेब से 11 हजार रुपए निकालकर फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने मामले की शिकायत बैकुंठपुर थाना में दर्ज कराई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बदमाशों ने पहले राह चलते शख्स को अपना चाचा बनाकर खुद को भतीजा बताया और फिर लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बैठाकर उसके जेब में रखे नकदी रुपयों को पार कर दिया। पीड़ित को घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब वाहन सवारों ने उसे बीच रास्ते में ही उतार दिया और जब उसने जेब में हाथ डाले तो रुपए गायब मिले। पीड़ित शिवराजपुर निवासी बंशीधर द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बैकुंठपुर कस्बे में स्थित गल्ला व्यापारी को गल्ला बेचने आया था। उसने 81 हजार का गल्ला बिक्री करने के बाद 11 हजार रुपए व्यापारी से लिए और बाजार की ओर पैदल जा रहे थे, इसी बीच रास्ते में उसे बोलेरो सवार बदमाश मिले। बदमाशों ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसे चाचा बोलते हुए बकायदा उसके पैर छुए और लिफ्ट देने के बहाने उसे गाड़ी में बैठा लिया। पीड़ित के मुताबिक बदमाशों का हाव भाव देख कर वह उन्हे जान पहचान का ही समझ बैठा और बिना किसी झिझक के गाड़ी में बैठ गया, लेकिन कुछ दूर जाने के बाद बदमाशों ने जरूरी काम बात कर उसे बीच रास्ते में ही उतार दिया और जब पीड़ित ने अपनी जेब में हाथ डाला तो उसकी जेब से रखें रुपए गायब थे। पीड़ित किसा की शिकायत पर अब बैकुंठपुर पुलिस बोलेरो सहित आरोपियों की तलाश में लगी हुई है।

# नगर निगम में बाल कौशल केंद्र में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते पदक'

**रीवा।** विंध्य ताइक्वांडो एसोसिएशन, रीवा (मध्यप्रदेश) के तत्वावधान में आयोजित तृतीय ओपन इंटर स्कूल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में नगर पालिक निगम रीवा बाल कौशल केंद्र के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बाल कौशल केंद्र के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल का शानदार परिचय दिया तथा पदक जीतकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में बाल कौशल केंद्र के कुल पांच खिलाड़ियों ने पदक अर्जित किए। अद्वैता गुप्ता ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं अगस्त गुप्ता, अबु अमान अंसारी, आयुष कुशवाहा एवं पुष्कर कुशवाहा ने रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों की इस सफलता से न केवल नगर निगम बल्कि पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। उल्लेखनीय है कि सभी खिलाड़ी प्रशिक्षक पवन किशोर के कुशल मार्गदर्शन में निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षक द्वारा दिए गए तकनीकी प्रशिक्षण, अनुशासन तथा




निरंतर अभ्यास का ही परिणाम है कि खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबलों में आत्मविश्वास के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। यह ताइक्वांडो प्रशिक्षण केंद्र नगर निगम रीवा के बाल कौशल केंद्र के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जो नगर निगम रीवा के आयुक्त के मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रहा है। नगर निगम द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं, प्रशिक्षित कोच, आवश्यक संसाधन एवं मंच उपलब्ध कराकर प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है एवं आशा व्यक्त करते कि वे आगे भी इसी प्रकार मेहनत और लगन से अभ्यास कर नगर निगम के साथ साथ जिले, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे। नगर निगम रीवा भविष्य में भी खेलों को बढ़ावा देने एवं उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा बाल कौशल केंद्र के माध्यम से खिलाड़ियों को निरंतर बेहतर अवसर प्रदान करता रहेगा।

# मऊगंज पुलिस ने फरार आरोपी किया गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार रूपए का इनाम किया था घोषित

मऊगंज:

थाना प्रभारी उपनिरी संदीप भारतीय द्वारा अपहरण, बलात्संग, पास्को व अनु.जाति जनजाति निवारण अधि. के फरार इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार घटना 17/8/25 को फरियादी के रिपोर्ट पर थाना मऊगंज में अप.क्र. 591/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीवध्द कर विवेचना में लिया गया था दौरान विवेचना प्रकरण में धारा 96, 64(2), 70(1), 351(3), 3(5) बीएनएस 5/6 पाक्सो एक्ट 3(1)(w)(ii), 3(2)(v) Sc/st act का इजाफा कर लगातार आरोपियो की तलाश की गई जो आरोपी पंकज सोनी पिता चन्द्रकिशन सोनी को पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका हैं।



प्रकरण का अन्य आरोपी संतोष उर्फ पप्पू पटेल घटना दिनांक से फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के द्वारा 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था आरोपी संतोष उर्फ पप्पू पटेल लगातार पुलिस को चकमा देकर नार्थ इस्ट के नागालैण्ड , असम , पश्चिम बंगाल , बिहार तरफ फरारी काट रहा था । पुलिस को सूचना मिलने पर मध्य प्रदेश के देवास जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर गिरफ्तार किया एवं माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# मऊगंज में पेयजल की गुणवत्ता की जांच टीम ने आरओ वाटर प्लांटों का किया निरीक्षण

**मऊगंज।** कलेक्टर संजय कुमार जैन द्वारा पेयजल की गुणवत्ता की जाँच के लिए तीन सदस्यीय टीम तैनात की गई है। डिप्टी कलेक्टर पवन गोरैया के नेतृत्व में इस टीम ने जिला मुख्यालय के आरओ वाटरप्लांटों की जाँच की। जाँच के दौरान पानी की गुणवत्ता, प्लांट की साफ-सफाई, पानी की पैकेजिंग निरीक्षण किया गया। आमजनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अभियान के तहत टीम ने मऊगंज में संजीवनी जल, तनु आरओ वाटर, सैनिक आरओ वाटर तथा अन्य आरओ प्लांटों की जाँच की। जाँच के दौरान संजीवनी जल के मालिक द्वारा प्लांट का पंजीयन उपलब्ध नहीं कराया गया। तनु आरओ वाटर के संचालक द्वारा पुराना पंजीयन दिखाया गया जो अवैध पाया गया। टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार तिवारी द्वारा आरओ प्लांटों की साफ-सफाई के संबंध में निर्देश दिए गए। जाँच के दौरान सप्लाई किए जाने वाले पानी के डब्बों से भी पानी के नमूने लिए गए। डिप्टी कलेक्टर ने वैध पंजीयन प्रस्तुत न करने वाले प्रतिष्ठानों पर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिक दिवस पर किया गया सैनिकों का सम्मान



रीवा । जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 14 जनवरी को पूर्व सैनिक दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में रीवा जिले के 48 पूर्व सैनिकों तथा 14 वीर नारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। समारोह में पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक तथा वीर नारियाँ शामिल हुईं।

### श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 20 जनवरी तक

रीवा । पंजीकृत मजदूरों के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधा देने के लिए श्रमोदय आवासीय विद्यालय संचालित हैं। श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 से 9 तक में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 20 जनवरी तक आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए पंजीकृत मजदूरों के बच्चे पात्र होंगे। आवेदन पत्र डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपी एसओएस डॉट एनआईसी डॉट इन पर केवल ऑनलाइन दर्ज किए जा सकते हैं।

### संस्थानों को जारी हो रहे हैं श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र

रीवा । रीवा जिले में संचालित सभी संस्थानों, पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों में बड़ी संख्या में मजदूर कार्यरत हैं। इन संस्थानों में मजदूरों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण की व्यवस्थाओं के आधार पर श्रम विभाग द्वारा संस्थान को श्रम स्टार रेटिंग प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए संस्थानों को स्वमूल्यांकन के आधार पर आवेदन करना होगा। संस्थान में श्रम कानूनों के पालन तथा श्रमिकों के कल्याण के लिए समुचित और पारदर्शी व्यवस्था करना आवश्यक है। श्रम विभाग द्वारा संस्थान के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया के दौरान पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओटीपी दिया जाएगा। इसके माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन करके संस्थान द्वारा स्वमूल्यांकन से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दर्ज करने होंगे। इन्हीं के आधार पर संस्थान की श्रम स्टार रेटिंग निर्धारित की जाएगी।

### घर में की पत्थरबाजी

रीवा। गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के बांसा गांव से आए 75 साल के वृद्ध ने पुलिस अधीक्षक से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित सौखीलाल विश्वकर्मा ने आरोप लगाया की उसकी जमीन को अवप्रेश विश्वकर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा सभी निवासी ग्राम बांसा द्वारा द्वारा रात्रि में उसके घर में घुसने का प्रयास किए साथ ही कमरे में तोड़ फोड करने घर में पत्थर की। पीड़ित ने शिकायती आवेदन में यह भी बताया कि उसकी आराजी खसरा नं. 721 एवं 723 में धोखधड़ी कर अपना नाम दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि प्रार्थी की जमीन ग्राम बाँसा में पैत्रिक एवं स्वयं की खरीदी गई मौजूद है. जिसका भूमि स्वामी में प्रार्थी का नाम खसरे में दर्ज अभिलेख है। उक्त जमीन में अवधेश विश्वकर्मा तनय स्व. देवशरण विश्वकर्मा 54 वर्ष निवासी ग्राम बॉसा थाना गोविन्दगढ़, तहसील हुजूर ने कूट रचित तरीके से 10 रुपए मूल्य के नान ज्यूडेशियल स्टाम्प पेपर पर जमीन विक्रय का एडवांश 12 लाख 80 हजार रुपए 16 मार्च 2025 को देना और रजिस्ट्री करवाने के समय 2 लाख देना लेख करवा लिया। जबकि पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा कोई भी अनुबंध निष्पादित नहीं कराया गया है। वृद्ध ने कहां कि उसके कोई संतान नहीं है जिससे जमीन हड़पने के लिए षडयंत्र किया जा रहा है।

### मॉडीफाई साइलेंसर और वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

रीवा। शहर में बाइक सवार कई युवक मॉडीफाइ साइलेंसर व नंबर स्टाइलिस नंबर प्लेट लगाकर फर्राटा मारते नजर आते है, मॉडीफाई साईलेंसर से जहां ध्वनि प्रदूषण होता है तो वही स्टाइलिस नंबर प्लेट कई बार स्पष्ट नहीं नजर आते जिससे दुर्घटना के समय ऐसे वाहनों की पहचान में परेशानी आती है। ट्रैफिक पुलिस ऐसे बाइक संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन हजार रुपए का जुर्माना ठोका गया है। कार्यवाही को लेकर सूबेदार अखिलेश कुशवाहा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक निर्देश में यातायात पुलिस के द्वारा लगातार खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।